# LATEST NEWS

## Election

**Date : 12th Oct. 2025**

## Office of Chief Electoral Officer, Rajasthan

https:/election.rajasthan.gov.in/

Follow us on:

CEORAJASTHAN

हेल्पलाइन 1950

# राजस्थान पत्रिका

## बारां, रविवार, 12.10.2025



अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर रन फॉर वोट मैराथन का आयोजन

# 5 किमी दौड़कर 1200 बालिकाओं ने दिया शत-प्रतिशत मतदान का संदेश

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**अंता.** अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शनिवार को सरदार वल्लभभाई पटेल स्टेडियम में जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के तहत रन फॉर वोट मैराथन का आयोजन किया गया।

मैराथन का शुभारंभ जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक अंदासु भी मौजूद रहे। उन्होंने उपस्थित जनों से आगामी मतदान दिवस 11 नवंबर को अंता विधानसभा उपचुनाव में शत-प्रतिशत मतदान का संकल्प लेते हुए धर्म, जाति, वर्ग, भाषा अथवा किसी भी प्रकार के प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना मतदान करने की अपील की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए बालिकाओं का सक्रिय योगदान अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बालिकाओं से आह्वान किया कि वे आत्मनिर्भर बनें, शिक्षा को अपनी प्राथमिकता रखें और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें।





अंता. कस्बे के सरदार वल्लभभाई पटेल स्टेडियम की तरफ दौड़ लगाकर जाती बालिकाएं। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर 'रन फॉर वोट मैराथन को जिला कलक्टर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पत्रिका

सुबह 7:30 बजे शुरू हुई इस मैराथन ने लगभग 1200 प्रतिभागियों, विशेष रूप से बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने 5 किलोमीटर की दूरी पूरी कर मतदाताओं को वोट अवश्य करने का संदेश दिया। मैराथन उपखंड अधिकारी कार्यालय से प्रारंभ होकर सीसवाली तिराहे से होते हुए स्टेडियम में समापन हुआ। सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप राजवीर सिंह चौधरी ने बताया कि यह आयोजन मतदाता जागरूकता की दिशा में महत्वपूर्ण है, इसके माध्यम से मतदाताओं का मतदान के प्रति उत्साह उत्पन्न किया जा रहा है। इस अवसर पर एएसपी राजेश चौधरी, एसीईओ हरीश चन्द मीणा, उपखंड अधिकारी हवाई सिंह यादव, सहायक निदेशक सतीश परिहार, हमारी लाडो संस्था की संस्थापक प्रेमलता पूनिया सहित अन्य मौजूद मौजूद रहे।

राजस्थान पत्रिका
बारां, रविवार, 12.10.2025

# उपचुनाव को लेकर एसपी ने दौरा कर देखे सुरक्षा के प्रबंध



**बमोरीकलां.** अंतरराज्यीय पुलिस नाके का निरीक्षण करते एसपी। पत्रिका

**बमोरीकलां @ पत्रिका.** अंता मांगरोल विधानसभा उपचुनाव को लेकर क्षेत्र के कई अतिसंवेदन शील बूथ केंद्रों का शनिवार को जिला पुलिस अधीक्षक अभिषेक अंदासु ने निरीक्षण कर दिशा निर्देश दिए। कस्बे से लगी मध्यप्रदेश राज्य की सीमा व अंतरराज्यीय पुलिस नाका श्योपुर, बड़ौदा, पालेश्वर नाका और लालकोठी नाके का निरीक्षण किया। साथ ही बंबोरी कलां, बालूंदा, भावगढ़, मऊ, मालबमोरी में अतिसंवेदनशील बूथ केंद्रों पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया। साथ ही जनता से आगामी उपचुनाव में भय मुक्त होकर मतदान करने की अपील की गई। एसपी ने कहा कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या होने पर नजदीकी थाना एवं कंट्रोल रूम को तुरंत सूचना दें। । इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिसअधीक्षक -राजेश चौधरी, पुलिस उपाधीक्षक श्योजीलाल मीणा, थानाप्रभारी विनोद मीणा, चौकीप्रभारी घनश्याम मीणा सहित जाप्ता मौजूद था।

# दैनिक भास्कर

**बारां, रविवार, 12.10.2025**

दैनिक भास्कर बारां 12-10-2025

# अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर की रन फॉर वोट मैराथन

भास्कर न्यूज़ | बारां




अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर शनिवार को अंता के सरदार वल्लभ भाई पटेल स्टेडियम में जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के तहत रन फॉर वोट मैराथन का आयोजन किया। मैराथन का शुभारंभ जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस दौरान एसपी अभिषेक अंदासु, एएसपी राजेश चौधरी भी मौजूद रहे।

उन्होंने उपस्थित लोगों से आगामी मतदान दिवस 11 नवंबर को अंता विधानसभा उपचुनाव में शत-प्रतिशत मतदान का संकल्प लेते हुए धर्म, जाति, वर्ग, भाषा अथवा किसी भी प्रकार के प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना मतदान करने की अपील की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए बालिकाओं का सक्रिय योगदान अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बालिकाओं से आह्वान किया कि वे आत्मनिर्भर बनें, शिक्षा को अपनी प्राथमिकता रखें और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें। सुबह हुई इस मैराथन में करीब 1200 प्रतिभागियों, विशेष रूप से बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने 5 किलोमीटर की दूरी पूरी कर मतदाताओं को वोट अवश्य करें का संदेश दिया। मैराथन उपखंड अधिकारी कार्यालय से शुरु होकर सीसवाली तिराहे से होते हुए स्टेडियम में समापन हुआ। सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप राजवीर सिंह चौधरी ने बताया कि यह आयोजन मतदाता जागरूकता की दिशा में महत्वपूर्ण है, इसके माध्यम से मतदाताओं का मतदान के प्रति उत्साह उत्पन्न किया जा रहा है। इस दौरान जिला परिषद एसीईओ हरिशचंद मीणा, एसडीएम हवाई सिंह यादव, सहायक निदेशक सतीश परिहार, हमारी लाडो संस्था की संस्थापक प्रेमलता पूनिया सहित अन्य मौजूद रहे।

# दैनिक भास्कर

**बारां, रविवार, 12.10.2025**

दैनिक भास्कर बारां 12-10-2025


## उपचुनाव: एसपी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण



मांगरोल| अंता-मांगरोल विधानसभा में होने वाले उपचुनाव को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। उपचुनाव को लेकर शनिवार को एसपी ने क्षेत्र का दौरान किया।

अंता विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव 11 नवम्बर को प्रस्तावित है। इसी के तहत शनिवार को एसपी अभिषेक अंडासु ने कस्बे सहित तहसील क्षेत्र में बनाए गए चुनाव बूथों का निरीक्षण किया। साथ ही अधिकारियों से चुनाव को लेकर चर्चा की। एसपी के साथ एएसपी राजेश चौधरी, डीएसपी सोजीलाल मीणा और थानाधिकारी विनोद कुमार मीणा भी थे। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# पैंतरा न्यूज

**बारां, रविवार, 12.10.2025**


# अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर रन फॉर वोट मैराथन का आयोजन




**पैंतरा न्यूज।**

**बारां, 11 अक्टूबर।** अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शनिवार वार को अंता के सरदार वल्लभभाई पटेल स्टेडियम में जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के तहत "रन फॉर वोट मैराथन" का आयोजन किया गया।

मैराथन का शुभारंभ जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक अंदासु भी मौजूद रहे।

उन्होंने उपस्थित जनों से आगामी मतदान दिवस 11 नवंबर को अंता विधानसभा उपचुनाव में शत–प्रतिशत मतदान का संकल्प लेते हुए धर्म, जाति, वर्ग, भाषा अथवा किसी भी प्रकार के प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना मतदान करने की अपील की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए बालिकाओं का सक्रिय योगदान अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बालिकाओं से आह्वान किया कि वे आत्मनिर्भर बनें, शिक्षा को अपनी प्राथमिकता रखें और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें।

सुबह 7:30 बजे शुरू हुई इस मैराथन में लगभग 1200 प्रतिभागियों, विशेष रूप से बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने 5 किलोमीटर की दूरी पूरी कर मतदाताओं को "वोट अवश्य करें" का संदेश दिया। मैराथन उपखंड अधिकारी कार्यालय से प्रारंभ होकर सीसवाली तिराहे से होते हुए स्टेडियम में समापन हुआ। सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप राजवीर सिंह चौधरी ने बताया कि यह आयोजन मतदाता जागरूकता की दिशा में महत्वपूर्ण है, इसके माध यम से मतदाताओं का मतदान के प्रति उत्साह उत्पन्न किया जा रहा है। इस अवसर पर एएसपी राजेश चौधरी, एसीईओ हरीश चन्द मीणा, उपखंड अधिकारी हवाई सिंह यादव, सहायक निदेशक सतीश परिहार, "हमारी लाडो" संस्था की संस्थापक प्रेमलता पूनिया सहित अन्य मौजूद मौजूद रहे।